आकाशवाणी केन्द्र शिमला

23.07.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09:20 बजे

केंद्रीय बजट

वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन आज सुबह 11 बजे लोकसभा में वित्त वर्ष 2024–25 का केंद्रीय बजट पेश करेंगी। यह नरेंद्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट है। निर्मला सीतारमन लगातार सात बार केंद्रीय बजट पेश करने वाली देश की पहली वित्त मंत्री होंगीं। इससे पहले कल दोनों सदनों में वित्त वर्ष 2023–24 का आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया गया, जिसमें देश के आर्थिक प्रदर्शन की समीक्षा की गई है।

विशेष अनुदान

प्रदेश सरकार को केंद्रीय बजट से कई उम्मीदें हैं। सरकार ने केंद्र से पहाड़ी राज्यों के लिए विशेष ग्रांट देने का मामला उठाया है और गत वर्ष मानसून के दौरान आई आपदा से निपटने के लिए विशेष अनुदान राशि जारी करने का आग्रह किया है। केंद्र से आई टीमों के 3 हज़ार करोड़ रूपये के नुक्सान के आकलन के बाद सरकार ने ये राशि बजट में जारी करने का अनुरोध किया है। हिमाचल ने सड़क, हवाई और रेलवे कनेक्टिविटी के लिए भी विशेष मदद की मांग की है। इसके अलावा वित्त मंत्री से राज्य में विभिन्न प्रोजेक्टों के लिए 10 हज़ार करोड़ का बजट माँगा है।

उद्योग मंत्री

प्रदेश में धारा एक सौ 18 की आड़ में होमस्टे संचालन करने पर सरकार कारवाई करेगी। इसके लिए गठित कैबिनेट उप–समिति की दूसरी बैठक में हिमाचल प्रदेश होमस्टे नियम, 2024 पर चर्चा करने के बाद ये निर्णय लिया गया। शिमला में आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने की। होटल व्यवसाय से जुड़े लोगों ने भी होमस्टे इकाईयों के नियमों के विपरीत चलने का मामला सरकार के ध्यान में लाया है। मंत्रिमंडलीय उपसमिति की सिफारिशों पर अब मंत्रिमंडल की बैठक में अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

आधार कार्ड अपडेट

कांगड़ा जिला के स्कूलों में बच्चों के आधार कार्ड अपडेट करने के लिए अभियान शुरू किया जाएगा ताकि बच्चों को आधार कार्ड अपडेट करवाने में किसी भी तरह की असुविधा नहीं हो। उपायुक्त हेमराज बेरवा ने अपने कार्यालय में समग्र शिक्षा अभियान के तहत लोक मित्र संचालकों को आधार किट्स वितरित किये। उपायुक्त ने कहा कि सभी स्कूलों में आधार कार्ड अपडेट करवाने के लिए उपरोक्त लोक मित्र संचालक कैंप आयोजित करेंगे। हेमराज बैरवा ने कहा कि पांच वर्ष और पंद्रह वर्ष की आयु पूरा होने पर भी बच्चों को आधार कार्ड अपडेट करवाना जरूरी है इस के लिए स्कूल के बच्चे

अपने अपने मुख्यध्यापकों या प्रधानाचार्यों से संपर्क करें ताकि आधार कार्ड अपडेट करवाने के लिए उचित कदम उठाए जा सकें।

स्क्रब टायफस

सिरमौर जिला में अब स्क्रब टायफस ने भी दस्तक दे दी है। जिला में स्क्रब टायफस के 18 नए मामले सामने आए हैं। यह सभी मामले मैडीकल कॉलेज नाहन में आए हैं। बीते एक सप्ताह के दौरान रोजाना दो से तीन मामले स्क्रब टायफस के लक्षण वाले मरीज मैडीकल कॉलेज में इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। वहीं जिला में डेंगू के भी 2 सौ 79 के करीब मामले पहले ही आ चुके हैं। इन में अधिकतर मामले नाहन शहर के आसपास के इलाकों के हैं। अब स्क्रब टायफस के मामले आने से विभाग की चिंताएं और बढ़ गई है। हालांकि विभाग के अधिकारियों का कहना है कि स्क्रब टायफस के उपचार के लिए उनके पास दवाइयां प्रचूर मात्रा में है। फिर भी उन्होंने लोगों से सावधानी बरतने की अपील की है।

मिंजर मेला

चंबा के अंतर्राष्ट्रीय मिंजर मेले की तैयारियों को लेकर इन दिनों अंतिम रूप दिया जा रहा है। 28 जुलाई से 4 अगस्त तक आयोजित होने वाले मेले का शुभारम्भ राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल करेंगे जबकि समापन समारोह के दौरान मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू मुख्य अतिथि रहेंगे। मेले की तैयारियों की कड़ी में चंबा के ऐतिहासिक चौगान मैदान सहित साथ लगते चौगान में पंडाल लगाने का कार्य प्रगति पर है जबकि सांस्कृतिक संध्या के लिए कला मंच को भी सजाया जा रहा है। सांस्कृतिक कायक्रम के लिए ऑडिशन प्रक्रिया भी शुरू हो गई है, जिसमे स्थानीय कलाकारों सहित चंबा से बाहर के कलाकारों के ऑडिशन लिए जा रहे हैं। आठ दिनों तक चलने वाले इस मेले का मुख्य आकर्षण सांस्कृतिक संध्याएं रहती हैं जबकि इसके अलावा देश के विभिन्न राज्यों से व्यापारी यहां व्यापार करने पहुंचते हैं।

और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से........

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने अलग—अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

अमर उजाला की सुर्खी है—केंद्रीय बजट से सुक्खू सरकार को कई उम्मीदें—हिमाचल को विशेष ग्रांट, आपदा राहत की उम्मीद। दिव्य हिमाचल का शीर्षक है—केंद्रीय बजट आज—हिमाचल को 3 बड़ी उम्मीदें।

पंजाब केसरी लिखता है—विधानसभा के 3 नवनिर्वाचित विधायकों ने सदन में ली शपथ। अमर उजाला लिखता है—तीन विधायकों ने ली शपथ—पहली बार हिमाचल विधानसभा में बैठेंगे पति—पत्नी। दैनिक भास्कर की सुर्खी है—उपचुनाव में नवनिर्वाचित तीन विधायकों ने ली शपथ।

मुख्यमंत्री के हवाले से आपका फैसला लिखता है—हिमाचल में स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध। वहीं दैनिक जागरण की सुर्खी है—आईजीएमसी मे 6 सौ स्टॉफ नर्स की होगी तैनाती।

दिव्य हिमाचल लिखता है–ऊर्जा निति बदलेगी सुक्खू सरकार। कर्मचारी पैंशनरों को मिलेंगे संशोधित वेतन व पैंशन के लाभ–हिमाचल दस्तक की एक खबर है।

वहीं पंजाब केसरी लिखता है– धारा एक सौ 18 की आड़ में होमस्टे संचालन पर होगी कारवाई।

दैनिक भास्कर की खबर है–बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी की ओर से दायर मान हानि से जुड़ा मामला–हाईकोर्ट ने भाजपा के नौ नेताओं को चार हफ्तें के भीतर पक्ष रखने के आदेश दिए। इसी पत्र के अनुसार–6 जिलों में बारिश फिर भी सामान्य से एक सौ 14 दशमलव 8 मि मी कम– दो दिन भारी बारिश का अलर्ट।

———————————